कार्यालय ताल्लुका विधिक सेवा समिति, दाँतारामगढ़ जिला सीकर

क्रमांक : 550 दिनांक 22.11.19

प्रेषिति प्रधानाचार्य,
स्वामी नित्यानन्द ~~सीनियर सैकण्डरी विद्यालय~~, इन्टरनेशनल अकादमी
दाँता।

विषय दिनांक 26 नवम्बर, 2019 को संविधान दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित करने बाबत।

महोदय,

जैसा कि विदित है कि प्रत्येक वर्ष 26 नवम्बर को सम्पूर्ण भारत वर्ष में संविधान दिवस का आयोजन किया जाता है। माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के द्वारा इस वर्ष भी 26 नवम्बर, 2019 को प्रातः 10.00 से 11.00 बजे ताल्लुका पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाना है, ताकि विद्यालय के सभी बच्चों को भारतीय संविधान की जानकारी हो सके।

दाँतारामगढ़ ताल्लुका पर यह कार्यक्रम आयोजित करने के लिए आपके विद्यालय को चयनित किया गया है। दिनांक 26 नवम्बर, 2019 को प्रातः 10.00 से 11.00 बजे की मध्यावधि में आपके विद्यालय में भारतीय संविधान दिवस का आयोजन मुझ अद्योहस्ताक्षरकर्ता की उपस्थिति में किया जावेगा।

अतः आपसे निवेदन है कि आप उक्त दिवस पर इस जागरूकता कार्यक्रम को गरिमामय पूर्ण तरीके से सम्पादित करवाना सुनिश्चित करें।

अध्यक्ष
(अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट)
ताल्लुका विधिक सेवा समिति,
दाँतारामगढ़ जिला सीकर

क्रमांक– दिनांक–22.11.19

प्रतिलिपि सूचनार्थ / पालनार्थः–

1. सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीकर।
2. अध्यक्ष, बार एसोसियेशन, दाँतारामगढ़।
3. मुख्य ब्लॉक प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी, दाँतारामगढ़।
4. थानाधिकारी, पुलिस थाना, दाँतरामगढ़।
5. सम्पादक, राजस्थान पत्रिका / दैनिक भास्कर / दैनिक आसपास / इलेक्ट्रोनिक मिडियाँ।
6. कार्यालय प्रति।

अध्यक्ष
(अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट)
ताल्लुका विधिक सेवा समिति,
दाँतारामगढ़ जिला सीकर

Scanned by CamScanner